प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में मिलेगी सहायता।**
2. **मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना की, कहा–देश के युवाओं को इससे हुआ है लाभ।**
3. **भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने घुसपैठ और रोजगार के मुद्दे पर राज्य सरकार को फिर घेरा, दावा किया–झारखंड में अगली सरकार भाजपा की बनेगी।**
4. **केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान फिर से चुने गये लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, झारखंड में संगठन की मजबूती पर दिया जोर।**
5. **राज्य में तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान शुरू, शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पिलायी गयी पोलियो रोधी खुराक।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में सहायता मिलेगी। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा कि बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है, जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। श्री मोदी ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

****

इधर राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने रांची जिले के नामकुम प्रखंड के हुआंगहातू पंचायत के बूथ संख्या दो सौ इकसठ में स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उधर रांची के बीजूपाड़ा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सैकड़ों महिलाओं के साथ कार्यक्रम को देखा सुना। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को प्ररेणादायक बताया तथा इसे आत्मसात करने का संकल्प लिया।

****

केंद्रीय कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी है। इस फैसले का केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों ने स्वागत किया है। गिरिडीह के सेवानिवृत अभियंता विनय कुमार सिंह ने नई पेंशन नीति का स्वागत किया है और कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह एक ऐतिहासिक कदम है।

****

भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ और रोजगार के मुद्दे पर राज्य सरकार को फिर घेरा है। रांची में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने दावा किया कि झारखंड में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। श्री सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को पांच लाख युवाओं को नौकरी दिये जाने का वायदा निभाना पड़ेगा।

****

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को फिर से लोक जनशक्ति पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। राजधानी रांची में आज हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि झारखंड में उनकी पार्टी भाजपा के साथ या अपने दम पर चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने झारखंड में संगठन की मजबूती पर जोर दिया है। श्री पासवान ने कहा कि मौजूदा झारखंड सरकार की कार्य प्रणाली को लेकर प्रदेश की जनता में अविश्वास का माहौल पैदा हुआ है।

****

बच्चों में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कस्तुरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर्रा की छात्राओं को सोहराई पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत आज निर्धारित बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी गयी। वहीं छब्बीस और सताईस अगस्त को घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी जाएगी। उधर गिरिडीह, सरायकेला–खरसावां, हजारीबाग, पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ समेत अन्य जिलों में भी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी गयी। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने लोगों से बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने की अपील की है।

****

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नागरिकों से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर कम से कम एक घंटे के लिए किसी भी आउटडोर खेल में भाग लेने का आग्रह किया है। एक वीडियो संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि आउटडोर खेलों में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलेगा इंडिया, तो खिलेगा इंडिया का दृष्टिकोण देश को खेलों के प्रति आगे बढाएगा।

****

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने राज्य के कई इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज राज्य के उत्तर पश्चिमी, दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी भागों में जोरदार बारिश की संभावना है। वहीं अगले 72 घंटे के दौरान राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश के आसार हैं। इसके अलावा कई इलाकों में वज्रपात की भी संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी की है।